बांदा, बुधवार
30 जनवरी 2019
बांदा-चित्रकूट संस्करण
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 22

दैनिक जागरण

www.jagran.com

उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पं. बंगाल से प्रकाशित

इनोवेशन-स्टार्ट अप समिट

विशेष सचिव ने बढ़ाया उत्साह

बांदा : शासन के विशेष सचिव राधेश्याम ने समिट में इनोवेटरों का उत्साह बढ़ाया। तकनीकी सत्र में उन्होंने कहा कि यह यहां के बाशिंदों के लिए ऐतिहासिक पल है। इसका हर वर्ग के लोग फायदा उठाएं। उन्होंने विज्ञान प्रदर्शनी और स्टालों का भी अवलोकन किया। जिले के प्रतिभाओं की ओर से प्रदर्शित माडलों की सराहना की।

बांदा, 30 जनवरी 2019
दैनिक जागरण
www.jagran.com

मंडलायुक्त ने प्रदर्शनी में लगे नन्हे विज्ञानिकों के मॉडलों को सराहा

समिट से मिलेगा वैज्ञानिक और सकारात्मक चिंतन को बढ़ावा

जागरण संवाददाता, बांदा : इनोवेशन एवं स्टार्ट-अप समिट में प्रधानों, जनप्रतिनिधियों, सचिवों, लेखपालों व छात्र-छात्राओं की जिस तरह सहभागिता हुई है, उससे समिट का संदेश गांव-गांव पहुंचेगा। जिले में वैज्ञानिक व सकारात्मक चिंतन को बढ़ावा मिलेगा। ये बातें मंडलायुक्त शरद कुमार सिंह ने मंगलवार को समिट के निरीक्षण के दौरान कहीं उन्होंने कहा कि यह आयोजन सराहनीय है। इससे न केवल किसानों, बल्कि सभी वर्गों के लोगों को लाभ मिलेगा। मंडल के अन्य जिलों को भी ऐसे कार्यक्रम से प्रेरणा लेनी चाहिए। मंडलायुक्त ने महिला कल्याण, समाज कल्याण, इफ्को, कृभको, खादी ग्रामोद्योग, स्वास्थ्य, पंचायती राज, भारतीय स्टेट बैंक, इलाहाबाद बैंक इत्यादि की प्रदर्शनियों को देखा और उनके विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने इनोवेटर एक्सपो में ऐरो बाइक, स्मार्ट सीट बेल्ट, विश्व घड़ी, मदर सीता पब्लिक स्कूल झांसी, मदन मोहन मालवीय विश्वविद्यालय गोरखपुर तथा अन्य इनोवेटर के एक्सपो का निरीक्षण किया। कहा कि इनोवेशन एंड स्टार्ट-अप समिट में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों, पंचायत सचिव, लेखपाल तथा विद्यालयों के छात्र/छात्राओं की सहभागिता हुई है। जिससे समिट का संदेश गांव-गांव जाएगा। इस दौरान डीएम हीरालाल ने कहा कि समिट में बड़ी संख्या में जनसामान्य की सहभागिता से यह स्पष्ट है कि समिट में भाग लेने के लिए जनपदवासियों में बेहद उत्साह और उमंग है। मेडिकल कालेज परिसर में बनाए गए आठ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मंचों में स्वयं पहुंचकर कलाकारों के कार्यक्रमों की सराहना की।

उद्यान विभाग के स्टाल का निरीक्षण करते मंडलायुक्त एसके सिंह • जागरण

एक ही प्लेटफार्म पर मिल रहीं महत्वपूर्ण जानकारियां

जासं, बांदा : समिट के माध्यम से डीएम ने उन लोगों को अवसर दिया, जिनमें प्रतिभाएं हैं। इसमें उन्हें बाजार और ग्राहकों सहित तकनीक की जानकारी एक ही प्लेटफार्म पर मिल रही है। मुख्य रूप से किसान के साथ बेरोजगार युवाओं के लिए बेहतर अवसर है। ये बातें कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा.बीके गुप्ता ने यहां सेमिनार में कहीं। कृषि में व्यवसाय की अपार संभावनाएं हैं। यदि व्यवसाय के रूप में इसे अपनाते हैं तो बुंदेलखंड में पलायन रुक सकता है। कृषि को जब तक हम इंटरप्राइजेज के रूप में देखते हैं और बाजार को ध्यान में रखकर खेती करते हैं तो सामान्य किसान भी अपने उत्पाद का बेहतर मूल्य पाएगा। बढ़ती जनसंख्या के मुताबिक खाद्यान की जरूरत बढ़ी है। साथ ही 15 से 20 प्रतिशत बाजार भी बढ़ रहा है। हमारे पास डिमांड है और वही अवसर भी है। चाहे वह व्यवसाय के रूप में हो या किसानी के रूप में। बुंदेलखंड की परिस्थिति के मुताबिक खेती के साथ अन्य व्यवसाय जैसे बकरी, पशु पालन, मधुमक्खी, मशरूम उत्पादन के साथ सब्जी और फलों के प्रसंस्करण और संवर्धन में भी अपार संभावनाएं हैं। छोटे स्तर पर नाबार्ड बैंक की मदद से योजनाओं को वित्तपोषित किया जा रहा है। समिट के माध्यम से डीएम ने उन लोगों को अवसर दिया, जिनमें प्रतिभाएं हैं।